राष्ट्रीय सेवा योजना/ NATIONAL SERVICE SCHEME

एक दिवसीय शिविर/ ONE DAY CAMP
एवं/ AND
विशेष शिविर (सात-दिवसीय)/ SPECIAL CAMP (SEVEN DAYS)
कार्य का विवरण/ WORK DESCRIPTION

प्रथम इकाई/ UNIT-I

उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

UDAI PRATAP COLLEGE, VARANASI

सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी – २२१ ००२, उत्तर प्रदेश, भारत

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi - 221 002,
Uttar Pradesh, India

अप्रैल २०२३/ APRIL 2023

This page intentionally left blank

राष्ट्रीय सेवा योजना

NATIONAL SERVICE SCHEME

उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

UDAI PRATAP COLLEGE,

VARANASI

सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी – २२१ ००२, उत्तर प्रदेश, भारत

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi - 221 002, Uttar Pradesh, India

शैक्षिक सत्र: २०२२/२३

ACADEMIC YEAR: 2022/23

प्रथम इकाई/ UNIT-I

एक दिवसीय शिविर/ ONE DAY CAMP

एवं/ AND

विशेष शिविर (सात-दिवसीय)/ SPECIAL CAMP (SEVEN DAYS)

कार्य का विवरण/ WORK DESCRIPTION

This page intentionally left blank

राष्ट्रीय सेवा योजना

NATIONAL SERVICE SCHEME

उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

UDAI PRATAP COLLEGE, VARANASI

सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी – २२१ ००२, उत्तर प्रदेश, भारत

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi - 221 002, Uttar Pradesh, India

शैक्षिक सत्र: २०२२/२३

ACADEMIC YEAR: 2022/23

प्राचार्य /PRINCIPAL

डॉ० धर्मेंद्र कुमार सिंह/ Dr. Dharmendra Kumar Singh

कार्यक्रम प्रभारी/ PROGRAM INCHARGE

डॉ० (ई०) राजेश कुमार राय /Dr. (Er.) Rajesh Kumar Rai

कार्यक्रमाधिकारी/ PROGRAM OFFICERS

1. डॉ० (ई०) राजेश कुमार राय/ Dr. (Er.) Rajesh Kumar Rai

Mob: +91 9873 499 390

Email_id: rkrai_agre@yahoo.com

2. डॉ० मनोज कुमार सिंह/ Dr. Manoj Kumar Singh

Mob: +91 9532 108 334

Email_id: manoj.upc@gmail.com

3. डॉ० संजीव कुमार सिंह/ Dr. Sanjeev Kumar Singh

Mob: +91 9450 537 927

Email_id: sanjeev1bhu@gmail.com

4. डॉ० सपना सिंह/ Dr. Sapna Singh

Mob: +91 9451 023 715

Email_id: sapana13jan@gmail.com

राष्ट्रीय सेवा योजना (रा०से०यो०)
उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

सत्र – 2022/23

एक दिवसीय शिविर	**तिथियाँ**
1. प्रथम एक दिवसीय शिविर	21.01.2023
2. द्वितीय एक दिवसीय शिविर	29.01.2023
3. तृतीय एक दिवसीय शिविर	05.02.2023
4. चतुर्थ एक दिवसीय शिविर	19.02.2023

कार्यक्रम स्थल

कौशल विकास केंद्र, दनियालपुर, वाराणसी

कार्यक्रम अधिकारी	**आवंटित गाँव**
1. डॉ० राजेश कुमार राय	चक्का, वाराणसी
2. डॉ० सपना सिंह	गणेशपुर, वाराणसी
3. डॉ० संजीव कुमार सिंह	भवानीपुर, वाराणसी
4. डॉ० मनोज कुमार सिंह	चमाव, वाराणसी

आवंटित इकाईयों की संख्या	: 04
कुल विद्यार्थियों (स्वयंसेवकों) की संख्या	: 400

This page intentionally left blank

अनुक्रमणिका

1. **प्रथम एक दिवसीय शिविर** (**दिनांक** 21.01.2023) 11
2. **द्वितीय एक दिवसीय शिविर** (**दिनांक** 29.01.2023).....13
3. **तृतीय एक दिवसीय शिविर** (**दिनांक** 05.02.2023).....15
4. **चतुर्थ एक दिवसीय शिविर** (**दिनांक** 19.02.2023) 17

सात-दिवसीय विशेष शिविर (**दिन-रात**) **कार्य योजना** 19

सात-दिवसीय विशेष शिविर (**दिन-रात**) **कार्य प्रतिवेदन**.....21

1. **प्रथम दिवस दिनांक**- 08.02.2023 (**उद्घाटन सत्र**).....21
2. **द्वितीय दिवस दिनांक**- 09.02.2023.....25
3. **तृतीय दिवस दिनांक**- 10.02.2023.....27
4. **चतुर्थ दिवस दिनांक**- 11.02.2023 30
5. **पंचम दिवस दिनांक**- 12.02.2023 32
6. **षष्ठम दिवस दिनांक**- 13.02.2023.....34
7. **सप्तम दिवस समापन सत्र दिनांक**- 14.02.2023.....36

This page intentionally left blank

प्रथम इकाई/ UNIT-I
कार्य प्रतिवेदन / REPORT

1. **प्रथम एक दिवसीय शिविर (दिनांक 21.01.2023)**

स्थान - रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर तक, वाराणसी

आज दिनांक 21 जनवरी, 2023 को प्रातः 9.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज के एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी जिला प्रशासन तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित, "रन फार जी- 20" कार्यक्रम में "रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, परिसर तक प्रतिभागिता किया। इसमें उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी के सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था।

उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी
एक दिवसीय शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना

G20
GPS Map Camera
Lat 25.31271°
Long 82.986557°
21/01/2023 10:55:59 AM GMT +05:30
Note :Udai Pratap College Varanasi
Google

2. द्वितीय एक दिवसीय शिविर (दिनांक 29.01.2023)

स्थान - उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी-द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन 29.01.2023 को हुआ। इसमें चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रत्येक इकाई के स्वयंसेवक पहले से आवंटित कक्ष संख्या- 11, 12, 13, 14 में (क्रमानुसार इकाई- I, II, III और IV) बैठे अपने कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशानुसार चारों इकाई के स्वयंसेवकों ने कैम्पस के अलग-अलग हिस्सों की सफाई किया। फिर अपने कक्ष में बैठकर विभिन्न कार्यक्रम जो भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं, उनके बारे में चर्चा किया।

29 जनवरी 2023 को प्रातः 10.30 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने "मतदाता जागरूकता दिवस" मनाया। कार्यक्रम में उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी के सभी यूनिटों कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था।

एक दिवसीय शिविर

एक दिवसीय शिवि
(यूनिट-1)

3. **तृतीय एक दिवसीय शिविर (दिनांक 05.02.2023)**

स्थान - अस्सी घाट, वाराणसी

उदय प्रताप कालेज, वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन 05 फरवरी, 2023 को किया गया। इस शिविर में उपस्थित चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम डिग्री कॉलेज कैम्पस के बाहर व आस-पास सफाई का कार्य किया तथा एकत्रित कूड़े को एक स्थान पर जमा किया। तत्पश्चात इकाई-I के स्वयंसेवकों को 'बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के बारे में जानकारी दी गयी। स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और इसकी आवश्यकता पर बल दिया। स्वयंसेवकों को जलपान वितरित करने के बाद दूसरे सत्र में सभी चार इकाई के स्वयंसेवकों ने अपने-अपने निर्धारित टापिक पर नारों के साथ कॉलेज के आस-पास भ्रमण कर जनता को जागरूक किया।

05 फरवरी 2023 को प्रातः 10.30 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, के अंतर्गत: तृतीय एकदिवसीय शिविर में स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने "स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता दिवस" मनाया। कार्यक्रम में उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी के सभी यूनिटों कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह अपनी यूनिट के साथ अस्सी घाट पर साफ सफाई में अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था।

VARANASI
(यूनिट-1)

कॉलेज, वाराणसी
दिवसीय शिविर
य सेवा योजना
(यूनिट-1)

4. चतुर्थ एक दिवसीय शिविर (दिनांक 19.02.2023)

स्थान - चक्का, वाराणसी

उदय प्रताप कालेज, वाराणसी में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन 19-02-2023 को हुआ। आज सभी स्वयंसेवक चक्का गांव (हरहुआ, वाराणसी) में एकत्रित हुए। सभी मिल कर पहले ग्राम प्रधान से मिलने गए। फिर प्रधान के घर जाकर ग्राम सभा की विस्तृत जानकारी लिए। सभी स्वयंसेवक अपने कृषि विज्ञान से जुड़े सभी प्रकार के प्रश्नो का जवाब लिया तथा सुझाव भी बताये। ग्राम की महिलाओ के रहन-सहन एवं कार्य की समीक्षा ली गयी। ग्राम में एक सर्वेक्षण किया गया जिससे ग्राम की कृषि, रोजगार, शिक्षा, अर्थव्यवस्था इत्यादि की जानकारी लिया गया।

गाँव सर्वेक्षण

इसमें स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों से सर्वेक्षण प्रपत्र भरवाए। इसमें परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति एवं केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसमें शिक्षा, चिकित्सा, साक्षरता, स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, मतदाता पंजीकरण, टीकाकरण, कचरा प्रबंधन, पेयजल, जल निकासी, वृद्ध, दिव्यांग एवं असहायों की समस्या, पेंशन (pension), स्वरोजगार (self-employment) आदि जानकारी एकत्रित की गई। स्वयंसेवक इन समस्याओं के निराकरण के प्रयास और लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करेंगे।

संक्षिप्त गाँव सर्वेक्षण प्रपत्र

1. गाँव की पहचान व मूल सूचना 2. गाँव की बुनियादी संरचना एवं मूलभूत सुविधाएँ 3. गाँव की संयोजनता (सड़क) 4. भूमि, जंगल एवं बागवानी विवरण 5. गाँव की सामान्य बिजली की जरूरत 6. जल स्त्रोत (स्त्रोत से किलोमीटर में दूरी) 7. पावर के स्त्रोत (उपयुक्त पर निशान लगाए) घर में बिजली का कनेक्शन 8. गाँव में प्रमुख समस्याये, यदि कोई है इत्यादि। स्वयंसेवको ने सभी प्रकार से सर्वेक्षण किया जिसकी विस्तृत जानकारी स्वयंसेवको ने अपने कॉपी में नोट किया। ग्राम प्रधान ने ग्राम के बारे में सभी प्रकार के विन्दुओ पर चर्चा की। ग्राम में किस प्रकार के रोजगार हैं? क्या और किस प्रकार के कृषि फसलों का उत्पादन किया जाता हैं? कृषि उपकरणों की जानकारी दिया।

सात-दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) कार्य योजना

(08 फरवरी 2023 से 14 फरवरी 2023 तक)

1.	प्रथम दिवस	08.02.2023	उद्घाटन
2.	द्वितीय दिवस	09.02.2023	
3.	तृतीय दिवस	10.02.2023	
4.	चतुर्थ दिवस	11.02:2023	
5.	पंचम दिवस	12.02.2023	
6.	छठा दिवस	13.02.2023	
7.	सप्तम दिवस	14.02.2023	समापन सत्र

प्रत्येक इकाई में स्वयंसेवकों की संख्या - 50

कुल स्वयंसेवकों की संख्या - 200

This page intentionally left blank

सात-दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) कार्य प्रतिवेदन

(08 फरवरी 2023 से 14 फरवरी 2023 तक)

1. **प्रथम दिवस दिनांक- 08.02.2023 (उद्घाटन सत्र)**

स्थान - ऍम०पी० हॉल, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी

उदय प्रताप कालेज, वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात-दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस 08 फरवरी 2023 को इसका शुभारंभ महाविद्यालय के एम०पी० हॉल में हुआ। चारों इकाई के 200 स्वयंसेवकों ने सुबह एम०पी० हॉल की सफाई किए। हॉल के आस-पास की गंदगी को साफ किया। सभी स्वंयसेवक पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थना गीत गाए तथा शारीरिक प्रशिक्षण एवं योग किया। एम०पी० हॉल के बाहर मुख्य द्वार के पास रा०से०यो० के झंडे को विधिवत् फहराया गया तथा उसके नीचे खड़े होकर झंडा गीत गाया। झंडारोहण के पश्चात् कुछ स्वयंसेवक उद्घाटन की तैयारी में लग गए तथा कुछ स्वयंसेवक जलपान की व्यवस्था में लग गए।

08 फरवरी 2023 को, मध्याह्न 01.30 बजे से, उन्नत भारत अभियान, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी के अंतर्गत छात्र एवम छात्राओं ने अपने देश को "शिक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ, स्वावलंबी संपन्न भारत" बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलसचिव, प्रो0 हरिश्चंद्र जी, परीक्षा नियंत्रक डॉ० बंसीधर पांडेय जी राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समन्वयक प्रो0 कृष्ण कुमार सिंह जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को प्रो 0 के0 के0 सिंह जी, प्रो0 शशिकांत द्विवेदी जी ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 धर्मेंद्र कुमार सिंह प्राचार्य उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी, ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी यूनिटों कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी), डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह, एवम एन0 सी0 सी0 अधिकारी डॉ० मयंक सिंह एवम डॉ० देव नारायण सिंह जी उपस्थित रहे। अपनी यूनिट ने अपनी सहभागिता दी।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि हमारे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पूज्य राजर्षि जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों का संयुक्त सात-दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय, डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह के निर्देशन में हुआ। छात्राओं ने कुलगीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। छात्राओं के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत गाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय ने सात-दिवसीय शिविर की रूपरेखा को प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास तथा उसके मूल उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा किया। मुख्य अतिथि ने समाज में प्रचलित रूढ़िवादी परम्पराओं को बदलने के लिए समाज को जागरूक करने का आवाहन स्वंयसेवकों से किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० सुधीर शाही एवं डॉ० राकेश कुमार जी ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। डॉ० मनोज कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० संजीव कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र में कालेज के विभिन्न विभागों के

शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें। अन्त में जलपान वितरित कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

डॉ० धर्मेंद्र कुमार सिंह (यूपीसी के प्राचार्य) ने अपने जीवन और समाज सेवा के अनुभव से स्वयंसेवकों को प्रबुद्ध किया। उन्होंने एनएसएस की भूमिका और समाज में एनएसएस के महत्व के बारे में विभिन्न प्रकार से बात की। एनएसएस स्वयंसेवक एनएसएस की सेवाओं से कैसे सीख सकते हैं और वे बड़े पैमाने पर समाज में क्या योगदान दे सकते हैं।

पूरा दिन ऊर्जा और जोश से भरा रहा। स्वयंसेवक समाज सेवा की प्रेरणा से फूले नहीं समा रहे थे।



डॉ० के० के० सिंह, रा०से०यो०, माहात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

2. **द्वितीय दिवस दिनांक-** 09.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात-दिवसीय शिविर के दूसरे दिन दिनांक 09 फरवरी 2023 को प्रातः 08.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी में सात दिवसीय शिविर (दिन / रात) के द्वितीय दिवस पर स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, प्रांगण की साफ सफाई कर, दिन का शुभारंभ स्वस्तिगान एवम योग से किया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन अपने सहयोगी कार्यक्रम अधिकारीगण के सहयोग से सम्पन्न कराया। प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण, वन एवम वन्य जीव संरक्षण था। इस अवसर पर डॉ० मनोज कुमार सिंह, प्रवक्ता भूगोल विभाग, उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी, ने भारत सरकार द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित दोहन एवम उपयोग तथा वन्य जीवों के लिए सुरक्षित क्षेत्र के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सभी यूनिटों कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी), डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह, एवम एन 0 सी 0सी0 अधिकारी, डॉ० मयंक सिंह जी उपस्थित रहे। सभी यूनिट के सदस्यों ने भोजन तैयार करने में अपनी सहभागिता दी।

3. **तृतीय दिवस दिनांक-** 10.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

सात-दिवसीय शिविर के तीसरे दिन 10.02.2023 को सभी इकाई के 200 स्वयंसेवकों के कार्यक्रम स्थल एवं उसके आस-पास की सफाई किए। सभी स्वयंसेवक **कौशल विकास केंद्र** में पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थना गीत गाया। शारीरिक प्रशिक्षण एवं योगासन के बाद झंडे के नीचे खड़े होकर झंडा गीत गाया गया। सभी इकाईयों के चुने हुए स्वयंसेवकों ने नाश्ते का वितरण किया।

10 फरवरी 2023 को प्रातः 08.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय दिवस पर स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर प्रांगण की साफ सफाई कर दिन का शुभारंभ स्वस्तिगान एवम योग से किया। तत्श्चत समीप के सामुदायिक शिव मंदिर की साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व एक आदत की तरह अपनाने पर जोर दिया। प्रभारी एवम कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार राय जी अपनी यूनिट के साथ कमिश्नरी, वाराणसी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

अन्य यूनिट के छात्र एवम छात्राओं ने, भारत सरकार द्वारा सहायता प्राप्त, "कौशल विकास एवम उद्यमिता, कार्यक्रमों की युवाओं के विकास में भूमिका" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर, यूनिट -2: की सुचिता सिंह, पल्लवी सिंह, दिव्य वर्मा, मानसी श्रीवास्तव। यूनिट -3: की हर्षिता सिंह वाणी पांडेय, आयुष पाठक, रिशु यादव, आदित्य सिंह यादव,आशुतोष कुमार सिंह। यूनिट- 4 : की वर्षा गिरी, ब्यूटी सिंह, आशीष गुप्ता, सोनाली सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, भवानीपर के, विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित; श्री आशीष गुप्ता, श्री कमलेश एवम मधु जी की टीम ने स्वयंसेवकों एवम स्वयंसेविकाओं को कौशल विकास के अर्थ, महत्व एवम विभिन्न कार्यक्रम, यथा - प्रधानमनत्री कौशल विकास योजना, दीन दयाल कौशल विकास

मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के साथ ही रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों, में कौशल विकास के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान, सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी),डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह,उपस्थित रहे और छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

4. **चतुर्थ दिवस दिनांक-** 11.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात-दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन, दिनांक- 11.02.2023 को अन्य दिवस की भाँति स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई के पश्चात् प्रार्थना किया। शारीरिक प्रशिक्षण एवं योग करने के बाद झंडे के नीचे खड़े होकर गीत गाया। स्वयंसेवकों ने मिल-जुलकर नाश्ते का वितरण किया।

दिनांक 11 फरवरी 2023 को प्रातः 08.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी में सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर प्रांगण की साफ सफाई करने के पश्चात दिन का शुभारंभ स्वस्तिगान एवम योग से किया। तत्श्चत समीप के सामुदायिक प्राथमिक विद्यालय, पिसौर की साफ सफाई कर ग्रामीणों, बालकों एवम बालिकाओं को स्वच्छता एवं साक्षरता के महत्व को स्वयंसेविका सोनाली सिंह के नेतृत्व मे समझाया। समस्त यूनिट के छात्र एवम छात्राओं ने भारत सरकार द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा एवम उनके अधिकारों की संरक्षा सामाजिक उन्नयन के लिए जा रहे प्रयासों "नारी सुरक्षा - सामाजिक दायित्व" विषय पर पोस्टर, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के आयोजन एवम प्रतिभाग किया। इस अवसर पर, यूनिट -1: रितिका सिंह, नेहा राजपूत, शालिनी गुप्ता, यूनिट -2: की वर्तिका त्रिपाठी, ब्यूटी सिंह, यूनिट -3: की हर्षिता सिंह वाणी पांडेय, आयुष पाठक, रिशु यादव, यूनिट-4 : की निहारिका सिंह, समीक्षा मिश्रा, खुशबू यादव, प्रजन्मा, ब्यूटी सिंह, आशीष गुप्ता, आदि

ने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात, यूनिट- 2 से दिव्य वर्मा, कविता कुमारी, मानसी श्रीवास्तव, रिया सिंह, यूनिट- 3 से आयुष पाठक, यूनिट -4 से नेहा यादव, आशीष गुप्ता की टीम ने स्वयंसेवकों एवम स्वयंसेविकाओं को, देश में, कन्या भ्रूण हत्या, एवम उसके दुष्परिणामों, पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान, सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी), डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह,उपस्थित रहे और छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

5. **पंचम दिवस दिनांक-** 12.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

आज दिनांक 12 फरवरी 2023 को प्रातः 08.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी में सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस पर स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, प्रांगण की साफ सफाई करने के पश्चात दिन का शुभारंभ स्वस्तिगान एवम योग से किया। तत्पश्चात समीप के सामुदायिक भवन की साफ सफाई कर ग्रामीणों, बालकों एवम बालिकाओं को तालाबों को पुनर्जीवित करने एवम जल संरक्षण के महत्व को स्वयंसेविका आशीष गुप्ता, प्रजन्मा एवम सोनाली सिंह के नेतृत्व मे, समझाया। समस्त यूनिट के छात्र एवम छात्राओं ने भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों, बालिकाओं और महिलाओं को जल संचयन के तरीकों जल संरक्षण एवं जल स्तर उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयासों "भारत के आर्थिक विकास में कृषि की भूमिका "विषय पर पोस्टर, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के आयोजन एवम प्रतिभाग किया। इस अवसर पर यूनिट -1: अमन दुबे ने गीत प्रस्तुत किया। यूनिट -2: ने विषय "वृद्धाश्रम में वृद्धों की बढ़ती संख्या" एवम"नशा मुक्त भारत "पर आशीष गुप्ता, ब्यूटी सिंह, सोनाली, तासु, सुचिता एवम महिमा आदि स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। यूनिट -3: की हर्षिता सिंह वाणी पांडेय, आयुष पाठक, रिशु यादव, महिमा सिंह आदि एवम यूनिट- 4 : की निहारिका सिंह, समीक्षा मिश्रा, खुशबू यादव, प्रजन्मा, ब्यूटी सिंह, आशीष गुप्ता, आदि ने संयुक्त प्रयास से, "बालिकाओं के प्रति अपराध" पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान, सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० राजेश

कुमार राय (प्रभारी), डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह उपस्थित रहे और छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

6. **षष्ठम दिवस दिनांक-** 13.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

आज दिनांक 13 फरवरी 2023 को प्रातः 08.00 बजे से राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी, के सात दिवसीय शिविर के षष्ठम दिवस पर स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, प्रांगण की साफ सफाई करने के पश्चात दिन का शुभारंभ स्वस्तिगान एवम योग से किया। तत्पश्चात समीप के शिव मंदिर प्रांगण एवम परिसर की साफ सफाई कर पास के सामुदायिक अन्न वितरण केन्द्र पर "नशामुक्ति एवम शराबबंदी" के लाभ - ग्रामीणों, बालकों एवम बालिकाओं को स्वयंसेवक व स्वयंसेविका आशीष गुप्ता, प्रजन्मा, सोनाली सिंह के नेतृत्व मे, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया। समस्त यूनिट के छात्र एवम छात्राओं ने,"भारत की बढ़ती जनसंख्या एवम आर्थिक विकास : चुनौतियां या अवसर " विषय पर वाद - विवाद प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर, यूनिट -1: अमन दुबे ने गीत प्रस्तुत किया। यूनिट -2: ने विषय "वृद्धाश्रम में वृद्धों की बढ़ती संख्या" एवम"नशा मुक्त भारत "पर आशीष गुप्ता, ब्यूटी सिंह, सोनाली, तासु, सुचिता एवम महिमा आदि स्वयंसेवकों ने नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया। यूनिट -3: की हर्षिता सिंह वाणी पांडेय, आयुष पाठक, रिशु यादव, महिमा सिंह आदि एवम यूनिट- 4 : की निहारिका सिंह, समीक्षा मिश्रा, खुशबू यादव, प्रजन्मा, ब्यूटी सिंह, आशीष गुप्ता, आदि ने संयुक्त प्रयास से, "बालिकाओं के प्रति अपराध" पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान, सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी), डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ०

संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह,उपस्थित रहे और छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

7. **सप्तम दिवस समापन सत्र दिनांक-** 14.02.2023

स्थान - कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, **वाराणसी**

आज दिनांक 14 फरवरी 2023 को, प्रातः 08.00 बजे से, राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी, के सात दिवसीय शिविर, के अंतिम दिवस पर, स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने, कौशल विकास केंद्र, भवानीपुर, प्रांगण की साफ सफाई करने के पश्चात, दिन का शुभारंभ, स्वस्तिगान एवम योग से किया। तत्पश्चात, समीप के प्राथमिक विद्यालय पर साफ सफाई, स्वच्छता एवं शिक्षा के महत्व के विषय में, ग्रामीणों, बालकों एवम बालिकाओं को समझाया। समस्त यूनिट के छात्र एवम छात्राओं ने, भारत मे; राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के महत्व के विषय में विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर, यूनिट -1: अमन दुबे एवम विभिन्न स्वयंसेविकाओ ने गीत प्रस्तुत किया। यूनिट -2: द्वारा "नशा मुक्त भारत" विषय पर; आशीष गुप्ता, ब्यूटी सिंह, सोनाली, तासु, सुचिता एवम महिमा आदि स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। यूनिट -3: की हर्षिता सिंह वाणी पांडेय, आयुष पाठक, रिशु यादव, महिमा सिंह आदि की टीम ने, "भारत की वर्तमान चुनौतियां" विषय पर एवम यूनिट-4 : की निहारिका सिंह, समीक्षा मिश्रा, खुशबू यादव, प्रजन्मा, ब्यूटी सिंह, आशीष गुप्ता, आदि ने संयुक्त प्रयास से, "बालिकाओं के प्रति अपराध" पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन का आयोजन द्वितीय सत्र में, प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह जी, समन्वयक - उत्तर प्रदेश कौशल विकास कार्यक्रम, भवानीपुर रहे। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न विषयों एवम विधाओं में, शिविर

के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र एवम छात्राओं को प्रमाण पत्र एवम पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रभारी की उपस्थिति में, राष्ट्रगान के पश्चात, ध्वज अवरोहण करके किया गया। सभी यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ० राजेश कुमार राय (प्रभारी),डॉ० मनोज कुमार सिंह, डॉ० संजीव कुमार सिंह एवम डॉ० सपना सिंह,उपस्थित रहे और छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

*****

समाप्त

*****